राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 601 /241/NULM/तीन/2001(SUH) दिनांक 19-9-17

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
2. सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक
   शहर मिशन प्रबंधन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण
   उत्तर प्रदेश।

   जनपद– सहारनपुर, शाहजहांपुर, हरदोई, फैजाबाद, ललितपुर, देवरिया, बस्ती, चंदौली, औरैया, बाराबंकी, बागपत, कुशीनगर, हमीरपुर, मिर्जापुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, मोदीनगर (गाजियाबाद), पीलीभीत, अम्बेडकर नगर, शामली, बलरामपुर, चित्रकूट, बागपत, बड़ौत, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बिजनौर, भदोही, उन्नाव, हापुड़, मेरठ, बुलन्दशहर, बरेली, मुजफ्फरनगर, आजमगढ़, बदायूं, सीतापुर, झांसी, अमरोहा, कन्नौज, मथुरा, जालौन, फिरोजाबाद, अलीगढ़ एवं अमेठी।

विषयः–दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजनान्तर्गत शेल्टर होम के लक्ष्य आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि इस कार्यालय द्वारा विगत 3 वर्षों से निरन्तर योजनान्तर्गत शहर में आश्रय निर्माण हेतु गाइडलाइन्स के परिप्रेक्ष्य में भूमि/भवन का चिन्हांकन कर विस्तृत प्रस्ताव (डी0पी0आर0) सी0एण्ड डी0एस0 के माध्यम से तैयार कराकर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जा रहे हैं, परन्तु यह अत्यन्त खेद का विषय है कि प्रदेश के योजनान्तर्गत आच्छादित निम्नलिखित 25 जिला मुख्यालय वाले शहर/1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर अभी तक अपेक्षित भूमि/भवन का चिन्हांकन कराकर शेल्टर निर्माण हेतु सी0एण्ड डी0एस0 के माध्यम से विस्तृत प्रस्ताव (डी0पी0आर0) तैयार कर उपलब्ध नहीं करा पाये हैं:–

क्र0सं0	जनपद	क्र0सं0	जनपद
1	सहारनपुर	2	शाहजहांपुर
3	मिर्जापुर	4	हरदोई
5	बहराइच	6	फैजाबाद
7	लखीमपुर खीरी	8	ललितपुर
9	मोदीनगर (गाजियाबाद)	10	देवरिया
11	पीलीभीत	12	बस्ती
13	अम्बेडकर नगर	14	चंदौली
15	शामली	16	औरैया
17	बलरामपुर	18	बाराबंकी
19	चित्रकूट	20	बागपत
21	बड़ौत (बागपत)	22	कुशीनगर
23	संत कबीर नगर	24	हमीरपुर
25	सिद्धार्थनगर		

उल्लेखनीय है कि प्रकरण के मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निरन्तर सघन समीक्षा किये जाने के दृष्टिगत विगत 18.08.2017 को आयोजित गवर्निंग कौंसिल की बैठक में कौंसिल के अध्यक्ष मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिला मुख्यालय एवं 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले सभी शहरों के साथ ही वित्तीय वर्ष, 2017–18 में मिशन के अन्तर्गत आच्छादित सभी शहरों में शहरी बेघरों हेतु तत्काल शेल्टर होम की व्यवस्था की जाये। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में निम्नलिखित शहरों को तत्काल 50 अथवा 100 व्यक्तियों के आश्रय हेतु शेल्टर होम का निर्माण किये जाने हेतु प्रत्येक दशा में 30 नवम्बर 2017 तक योजना के दिशा निर्देशानुसार विस्तृत प्रस्ताव (डी0पी0आर0) सी0एण्ड डी0एस0 के माध्यम से तैयार कराकर राज्य मिशन प्रबंधन इकाई, सूडा उ0प्र0 को उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है:–

क्र0 सं0	जिला	शहर	शेल्टर होम निर्माण हेतु परियोजनाओं का लक्ष्य (वित्तीय वर्ष 2017–18)
1	सहारनपुर	सहारनपुर देवबन्द गंगोह	प्रत्येक शहरों हेतु 50 अथवा 100 व्यक्तियों के आश्रय हेतु शेल्टर होम निर्माण किये जाने हेतु सी0एण्ड डी0एस0 के माध्यम से न्यूनतम विस्तृत प्रस्ताव (डी0पी0आर0) तैयार कराकर उपलब्ध कराना।
2	शाहजहांपुर	शाहजहांपुर तिलहर	
3	मिर्जापुर	मिर्जापुर	
4	हरदोई	हरदोई शाहाबाद संडीला	
5	बहराइच	बहराइच	
6	फैजाबाद	अयोध्या	
7	लखीमपुर खीरी	लखीमपुर खीरी गोला गोकरननाथ	
8	ललितपुर	ललितपुर	
9	गाजियाबाद	मोदीनगर मुरादनगर	
10	देवरिया	देवरिया	
11	पीलीभीत	पीलीभीत बिलासपुर	
12	बस्ती	बस्ती	
13	अम्बेडकर नगर	अकबरपुर टान्डा	
14	चंदौली	चंदौली	
15	शामली	शामली कैराना	
16	औरैया	औरैया	
17	बलरामपुर	बलरामपुर	
18	बाराबंकी	नवाबगंज	
19	चित्रकूट	चित्रकूटधाम कर्वी	
20	बागपत	बागपत	
21	बागपत	बड़ौत	

क्र0 सं0	जिला	शहर	शेल्टर होम निर्माण हेतु परियोजनाओं का लक्ष्य (वित्तीय वर्ष 2017–18)
22	कुशीनगर	पडरौना	प्रत्येक शहरों हेतु 50 अथवा 100 व्यक्तियों के आश्रय हेतु शेल्टर होम निर्माण किये जाने हेतु सी0एण्ड डी0एस0 के माध्यम से न्यूनतम विस्तृत प्रस्ताव (डी0पी0आर0) तैयार कराकर उपलब्ध कराना।
23	संत कबीर नगर	खलीलाबाद	
24	हमीरपुर	हमीरपुर	
25	सिद्धार्थनगर	सिद्धार्थनगर	
26	बिजनौर	नगीना नजीबाबाद चांदपुर शेरकोट कीरतपुर सेओहरा धामपुर	
27	भदोही	भदोही	
28	उन्नाव	गंगाघाट	
29	हापुड़	पिलखुआ	
30	मेरठ	मवाना सरधना	
31	बुलन्दशहर	सिकन्दराबाद जहांगीराबाद गुलाठी	
32	बरेली	फरीदपुर बहेड़ी अवाला	
33	मुजफ्फरनगर	खटौली बुधाना	
34	आजमगढ़	मुबारकपुर	
35	बदायूं	सहसवान उझनी	
36	हमीरपुर	राठ	
37	सीतापुर	लहरपुर बिसवां	
38	झांसी	मउरानीपुर	
39	अमरोहा	हसनपुर गजरौला	
40	कन्नौज	छिबरामऊ	
41	मथुरा	कोसीकलां	
42	जालौन	जालौन कोंच कल्पी	
43	सीतापुर	महमूदाबाद	
44	फिरोजाबाद	टुण्डला	
45	अलीगढ़	अतरौली	
46	अमेठी	गौरीगंज	

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में उल्लिखित सभी शहरों को निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव डी0पी0आर0 तैयार कर/एस0एम0एम0यू0 सूडा उ0प्र0 को ससमय उपलब्ध कराना है ताकि राज्य परियोजना स्वीकृति समिति से परियोजनाओं की स्वीकृत कराने की अग्रेतर कार्यवाही करके परियोजनाएं स्वीकृत करायी जा सकेः–

क्र0सं0	लक्ष्य पूर्ण हेतु प्रस्तावित कार्य	कार्य को पूर्ण किये जाने की अन्तिम तिथि
1	भूमि/भवन का चिन्हांकन कर आवंटन कराना।	30 सितम्बर 2017
2	आवंटित भूमि/भवन के अभिलेख प्रस्ताव (डी0पी0आर0) तैयार किये जाने हेतु सी0एण्ड डी0एस0 को उपलब्ध कराना।	10 अक्टूबर 2017
3	सी0एण्ड डी0एस0 द्वारा Soil Testing कराकर प्रस्ताव (डी0पी0आर0) तैयार कर डूडा को उपलब्ध कराना।	30 अक्टूबर 2017
4	डूडा द्वारा डी0पी0आर0 उच्चाधिकारियों से अनुमोदन एवं हस्ताक्षरोपरान्त एस0एम0एम0 सूडा, उ0प्र0 को उपलब्ध कराना।	30 नवम्बर 2017

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत शहरी बेघरों हेतु उपरोक्तानुसार आश्रय निर्माण का प्रस्ताव निर्धारित अवधि में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. निदेशक स्थलीय निकाय निदेशालय, को इस आशय से प्रेषित कि प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत वे अपने स्तर से नगरीय निकायों को भूमि/भवन की उपलब्धता कराने हेतु निर्देशित कराने का कष्ट करें।
3. निदेशक सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश।
5. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक